




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 03 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 259 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# दोषी कोई हो, बच नहीं पाएगा

## राम मंदिर के चंदे में घोटाला को लेकर विनय कटियार ने किया दावा



**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने शुक्रवार को दावा किया कि अगर चल रही जांच में गड़बड़ी साबित होती है, तो राम जन्मभूमि मंदिर के लिए दिए गए दान में कथित अनियमितताओं के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय, एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल राव और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा को जेल हो सकती है। कटियार का कहना है कि चंपत राय और अनिल मिश्रा जल्द ही जेल जा सकते हैं। एएनआई से बात करते हुए कटियार ने आरोप लगाया कि भक्तों द्वारा दान किए गए पैसे का गबन किया गया है और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। उनके अनुसार, मामला अब उस चरण में पहुँच गया है जहाँ कानून को अपना काम करना चाहिए और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। एएआई के अनुसार कटियार ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पैसे का गबन हुआ है। मैंने इस मामले पर मोदी जी से बात की, और उन्होंने पूछा कि भविष्य में क्या होगा। मैंने उनसे कहा कि सब ठीक हो जाएगा। हो सकता है कि आने वाले दिनों में चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा को जेल जाना पड़े। बीजेपी नेता ने राम जन्मभूमि आंदोलन को भी याद किया और मंदिर आंदोलन में अपनी भूमिका के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आंदोलन के दौरान कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद किया और सिंह के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमने उस जगह के लिए बलिदान दिया है। हमारे सात या आठ लोग वहाँ शहीद हुए थे। कल्याण सिंह ने पूछा, आप क्या कर रहे हैं? मैंने कहा, 'कुछ नहीं हो रहा है; जो भी होगा, भगवान सब ठीक कर देंगे।' कल्याण सिंह एक बहुत अच्छे शासक और प्रशासक थे। कटियार ने कहा कि मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम को अपनी जांच पूरी करने के लिए और समय मिला है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि मंदिर के लिए दिए गए दान में कथित हेराफेरी की जांच कर रही एष्ऊ टीम ने अपना कार्यकाल 15 दिन और बढ़ा दिया है। जांच का आज दूसरा दिन है। इस बीच, एष्ऊ को अपनी जांच का दायरा बढ़ाने और कथित दान हेराफेरी मामले के हर पहलू की व्यापक जांच करने के लिए आधिकारिक तौर पर 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। इस समय-सीमा को बढ़ाने का मकसद यह पक्का करना है कि सभी उपलब्ध सबूतों की अच्छी तरह से जांच हो और मामले में ज़िम्मेदार पाया गया कोई भी व्यक्ति कानूनी कार्रवाई से बच न सके। उत्तर प्रदेश पुलिस ने राम मंदिर दान में कथित हेराफेरी के मामले की जांच तेज़ कर दी है। अधिकारी अभी अयोध्या में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (SOG) के दफ़्तर में आरोपी अविनाश शुक्ला से पूछताछ कर रहे हैं। अयोध्या के सर्कल ऑफिसर आशुतोष तिवारी और कई अन्य अधिकारी इस पूछताछ की निगरानी कर रहे हैं। अविनाश शुक्ला, जो कथित तौर पर राम मंदिर में मिले चढ़ावे की गिनती से जुड़े थे, उन्हें गुरुवार को अयोध्या की अदालत में पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने मामले में आगे की पूछताछ के लिए उन्हें 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इससे पहले, 28 जून को सर्कल ऑफिसर आशुतोष कुमार की अगुवाई में पुलिस की एक टीम ने अयोध्या में शुक्ला के घर जाकर तलाशी ली, सबूत इकट्ठा किए और जांच से जुड़े लोगों से पूछताछ की। यह विवाद तब शुरू हुआ जब 25 जून को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में मिले दान में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज की गई। तब से, जांच करने वाले अधिकारी चल रही जांच के तहत मंदिर के दान के हिसाब-किताब और उसके प्रबंधन की जांच कर रहे हैं।

**● चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव जाएंगे जेल**

## 4800 अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था कश्मीर पहुंचा

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा आज से शुरू हो गई है। यह 28 अगस्त यानी 57 दिन तक चलेगी। अनुमान है कि इस दौरान 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन कर सकेंगे। यह गुफा समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर है। इससे पहले गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को जम्मू के भगवती बेस कैंप से बालटाल और पहलगाम के लिए रवाना किया। इसमें 4,822 तीर्थयात्री शामिल थे। इन्हें 259 वाहनों के सुरक्षा घेरे में रवाना किया गया। कश्मीर में लगातार बारिश और खराब मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन के बाद तुरंत नीचे लौटने की सलाह दी गई है।

## सीआरपीएफ वाहन हादसे का शिकार, छह जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन में सवार छह सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग सुरंग के निकट वाहन अचानक सड़क से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिलहाल सभी जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए संबंधित एजेंसियां जांच कर रही हैं।

## भाजपा के अधीन काम कर रहा सुप्रीम कोर्ट : संजय राऊत



**मुम्बई।** अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के चंदे में हुई कथित धोखाधड़ी का मामला इन दिनों काफी गरमाया हुआ है। इस पूरे प्रकरण की तफ्तीश में जुटी एसआईटी (SIT) अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बीच, पूरे विवाद पर शिवसेना (UBT) के दिग्गज नेता संजय राउत की प्रतिक्रिया आई है, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लिया है। संजय राउत ने कहा कि देखिए कांग्रेस पार्टी की नहीं पूरी देश की भावना है। अब सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच होगी तो सुप्रीम कोर्ट निष्पक्ष है क्या? सुप्रीम कोर्ट भी उनके नीचे काम कर रहा है ना। मैं तो कहूंगा मुंबई हाई कोर्ट के जो जज है माधव जामदार उनके निगरानी में जांच होनी चाहिए। अब बहुत कम लोग बच्चे इस देश के न्याय व्यवस्था में।

## चढ़ावा चोरी के मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला के घर से मिला 20 लाख कैश



**प्रतापगढ़।** अयोध्या के बहुचर्चित राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के तार प्रतापगढ़ से और मजबूती से जुड़ते नजर आ रहे हैं। यहां के बाबूपुर नरियावां के मुख्य आरोपित अविनाश शुक्ला के कमरे से 20 लाख की नकदी मिलने के बाद अब उसकी छानबीन उसके घर तक होगी। उसके भाइयों के बने नए घर भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। एक तरह से उसका पूरा परिवार रडार पर है। अविनाश के पकड़े जाने के बाद जांच चल ही रही थी कि उसके भाई के प्रसारित वीडियो में दिख रहे नोटों के बंडल ने पुलिस के कान खड़े कर दिए हैं। अब इससे यह संकेत मिला है कि रुपये का बंटवारा और निवेश कई लोगों के साथ हुआ होगा।

## हिमाचल में फिर बादल फटा

**रामपुर बुशहर।** किन्नौर जिले के चोलिंग क्षेत्र में शुक्रवार तड़के बादल फटने से भारी तबाही मच गई। घटना के बाद भारी मात्रा में मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार दो वाहन मलबे में दब गए हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों वाहनों में सवार लोग सुरक्षित हैं।

# 'हनीमून मर्डर केस' में सोनम को राहत

**● सुप्रीमकोर्ट का जमानत पर रोक लगाने से इनकार**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि वह पहले ही जमानत पर बाहर है इसलिए वह आदेश को पलटने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि यह मामला ट्रायल के दौरान तय किया जाना है। उन्हें जवाबी हलफनामा दाखिल करने दिया जाए। कोर्ट ने इस बात पर भी ध्यान दिया कि उन्होंने कुछ समय जेल में बिताया है। बताते चलें कि मेघालय सरकार ने मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत को रद्द कराने के लिए देश की शीर्ष अदालत (Supreme Court) का दरवाजा खटखटाया था।

## बंदी ने जेल की छत से कूदकर दी जान सगे भाई की हत्या के आरोप में था बंद



**मुंगेर।** मंडल कारा में बंद हत्या के आरोपित एक बंदी ने शुक्रवार की सुबह जेल की छत से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल बंदी को पहले जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बंदी हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के मधुबन दरियापुर गांव निवासी कपिलदेव बिंद का पुत्र मनीष कुमार के रूप है। मनीष इसी वर्ष 18 मई को अपने सगे भाई नीतीश कुमार की सोते समय हथौड़े से वार कर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार हुआ था। न्यायिक हिरासत में उसे मंडल कारा भेजा गया था और तभी से वह जेल में बंद था।

## खान सर केस में अब अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 7 जुलाई को होगी



**पटना।** खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिला जज के छुट्टी पर रहने के कारण खान सर और अन्य आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हुई। अब यह सुनवाई सात जुलाई को होगी। इससे पहले तीन जुलाई सुनवाई की तिथी तय की थी। अब 7 जुलाई पर सबकी नजर टिक गई है। पुलिस जांच में सामने आया था कि जून की रात खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग सेंटर पर पथराव और मारपीट के बाद चार राउंड गोली गार्डों ने चलाई थी। फैजल खान के कहने पर ही गार्डों ने ऐसा किया था। इस आरोप में पूर्व में दर्ज एफआईआर में बाद में खान सर का नाम भी जोड़ा गया था।

## भरत तिवारी के घर पहुंचे चिराग पासवान



**करनामेपुर (शाहपुर)।** भोजपुर के चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में शुक्रवार को नया राजनीतिक मोड़ आ गया। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिलौटी गांव पहुंचे और भरत तिवारी के स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह, पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय समेत गांव पहुंचते ही चिराग पासवान ने घुटनों के बल बैठकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने भरत की मां के पास बैठकर उन्होंने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। बिलख रहीं मां के आंसू पोछे।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब



**नई दिल्ली।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का बहुचर्चित और बहुदिवसीय कार्यक्रम तेहरान में शुरू हो गया है। लगभग चार महीने पहले अमेरिकी और इजरायली संयुक्त हमलों में मारे गए खामेनेई को अब पूरे राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी जा रही है। इस अंतिम संस्कार को केवल एक धार्मिक या राष्ट्रीय आयोजन नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे पश्चिम एशिया की राजनीति, शिया पहचान और ईरान की भविष्य की दिशा से जुड़ी एक ऐतिहासिक घटना के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भर की निगाहें इस समारोह पर टिकी हुई हैं, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच संघर्षविराम जैसी स्थिति तो बनी हुई है, लेकिन तनाव अब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त सटीक हवाई हमलों में हुई थी। इन हमलों में उनके परिवार के कई सदस्य भी मारे गए थे।

## पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी कार्डियक अरेस्ट, देखने पहुंचे अखिलेश यादव




**ँलखनऊ।** समाजवाद-ी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी की तबीयत शुक्रवार को अचानक खराब हो गई। उनको तत्काल ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी को कार्डियक अरेस्ट हुआ है। लोहिया संस्थान में कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर भुवन चंद्र तिवारी को बुलाया गया है। वह भी सिविल अस्पताल पहुंचे हैं। स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। सूचना मिलते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी सिविल अस्पताल पहुंच गए और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का भी पहुंचना शुरू हो गया है।

## ई-रिक्शा को बीच सड़क रोकने वाले 3 खतरनाक ऐप को तुरंत हटाने का आदेश



**नई दिल्ली।** सरकार ने तीन ऐसे मोबाइल ऐप को हटाने का आदेश दिया है, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर सड़कों पर ई-रिक्शा या बैटरी से चलने वाले वाहनों को अचानक रोकने के लिए किया जा रहा था। सूत्रों ने आगे बताया कि BAT-BMS, Lossigy Deewj Epoch-i-ion जैसे तीन ऐप्स को हटाने का आदेश दिया गया है, और गलत इस्तेमाल हो रहे ऐसे किसी भी अन्य ऐप को भी ब्लॉक कर दिया जाएगा। ये ऐप्स विवाद शुरू होने से काफी पहले ही Google Play Store और Apple App Store पर उपलब्ध थे और इन्हें बैटरी की जांच और मैनेजमेंट के लिए बनाया गया था। रुआत में BAT-BMS कोई हैकिंग टूल नहीं था। Shenzhen Grenergy Technology ने इसे ब्लूटूथ-इनेबल्ड लिथियम-आयन बैटरी के लिए एक सही साथी ऐप के तौर पर बनाया था। इसका मकसद बैटरी की जानकारी दिखाना था।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 44.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 03 जुलाई, शुक्रवार 2026 (2)







# बादलों की दगाबाजी

## किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें, मजदूर तबका बेहाल



● मौसम विभाग की भविष्यवाणी हवाहवाई

● उमस वाली गर्मी से जनमानस में बढ़ी बेचैनी

**वाराणसी।** वाराणसी से मानसून रूठा हुआ है। अगल-बगल के कई जिलों में झमाझम के बावजूद अभी यहां तक मानसून का पर्दापण वाराणसी में नहीं हो सका। भीषण गर्मी से राहत के लिए लोग आसमान की टकटकी लगाए हैं। मौसम बन रहा है, आसमान पर बादलों की घेरेबंदी हो रही है। लेकिन अगले ही पल भी फिर तीखी धूप झुलसाने लगती है। बादलों की इस घेर-घार से तापमान भले ही थोड़ा नीचे चला गया हो लेकिन उमस वाली गर्मी ने जनमानस को बेचैन कर रखा है। पानी नहीं बरसने से जहां किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं वहीं मजदूर तबका तीखी धूप से बेहाल है। दो पहिया वाहन सवारों को मंजिल तय करने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की शाम मामूली बारिश के बाद से अभी तक पानी की एक बूंद भी धरती को नसीब नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिकों का दावा था कि एक जुलाई तक वाराणसी में मानसून की आमद हो जाएगी और लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिल जाएगी लेकिन मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी खोखली साबित हुई। कल गुरुवार से लेकर आज शुक्रवार तक कई बार आसमान पर बादलों ने कब्जा जमाया, घनघोर बारिश की उम्मीद से लोग उत्साहित हुए लेकिन हर बार दगेबाज बादल धोखा देकर आगे भाग जा रहे हैं। अब कब पानी बरसेगा, इसको लेकर अटकलें लगायी जा रही है।




## सख्ती के बीच दूसरे दिन भी शिक्षक पात्रता परीक्षा

● जूता-मोजा उतरवा कर ली गयी तलाशी



**वाराणसी।** आज शुक्रवार को दूसरे दिन भी UP TET (उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा) 2026 आयोजित हो रही है। वाराणसी के 68 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में यह परीक्षा हो रही है। पहली पाली की परीक्षा शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे शुरू हुई। लेकिन केंद्रों पर 8 बजे से ही परीक्षार्थी पहुंचने लगे थे। थ्री लेयर तलाशी ली गई। शर्ट के बांह व जूते मोजे उतरवाकर तलाशी ली गई। इलेक्ट्रिक या ब्लूटूथ वाली वाच पहनकर पहुंचे परीक्षार्थियों को रोक दिया गया था, उसे निकालने के बाद ही उन्हें अंदर भेजा गया। पहली पाली की परीक्षा दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इसके बाद दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 शुरू होगी जो शाम पांच बजे तक होगी। आज तीन जुलाई को 33,140 परीक्षार्थी दोनों पालियों में यह परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच कराई जा रही है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीधे प्रयागराज में स्थित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में बने कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

### कैंट रेलवे स्टेशन पर बना होल्डिंग एरिया

**वाराणसी।** दो जुलाई से चार जुलाई तक चलने वाली इस शिक्षक पात्रता परीक्षा परीक्षा में लाखों की संख्या में परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने कैंट रेलवे स्टेशन व अन्य प्रमुख स्थलों पर विशेष इंतजाम किए हैं। इस क्रम में नगर निगम ने कैंट रेलवे स्टेशन पर एक सुसज्जित होल्डिंग एरिया तैयार किया गया है। यहां अभ्यर्थियों के बैठने के लिए कुर्सियों और टेंट की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ताकि परीक्षार्थियों को असुविधा न हो।

### दालमंडी में ध्वस्तीकरण अभियान तेज

**वाराणसी।** दालमंडी चौड़ीकरण परियोजना के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा शुक्रवार को दोपहर में ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत दालमंडी क्षेत्र में सात चिन्हित भवनों को ध्वस्त किया जा रहा है। वीडीए ने पहले ही संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर मकान खाली करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान नियमानुसार चलेगा और केवल चिन्हित भवनों को ही हटाया जाएगा। ध्वस्तीकरण अभियान निर्धारित समय से काफी पीछे चल रहा था।

## नगर के 15 वार्डों के 62 सड़कों की बदलेगी तस्वीर, टेण्डर प्रक्रिया में तेजी



● महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को मिली मंजूरी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम शहर की बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है। इस क्रम में 3.26 करोड़ रुपये की लागत से शहर की 62 सड़कों, गलियों और बुनियादी परियोजनाओं के निर्माण व मरम्मत के लिए टेंडर की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस महा-योजना के तहत शहर के 15 वार्डों की गलियों की मरम्मत, इंटरलॉकिंग, चौका लगाने और जल निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य प्रस्तावित है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि क्षतिग्रस्त रास्तों और जलभराव की समस्या से स्थाई मुक्ति दिलाने के लिए इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। ऐसे में शहर के विभिन्न वार्डों की अंदरूनी गलियों के जल्द कायाकल्प होने की उम्मीद है। नगर आयुक्त ने बताया कि सभी निर्माण कार्यों के अनुरक्षण और रख-रखाव की जिम्मेदारी तीन वर्ष तक संबंधित कार्यदायी फर्म या ठेकेदार की होगी। इस नियम के तहत कार्य पूर्ण होने के तीन वर्ष बाद ही जमानत (परफॉर्मेंस सिक्योरिटी) की धनराशि वापस की जाएगी। कार्यों की पारदर्शिता के लिए काम शुरू होने के पूर्व, कार्य के दौरान तथा समाप्ति के बाद अनिवार्य रूप से जियो टैगिंग (फोटोग्राफ) कराई जाएगी।

### डॉक्टर्स डे पर आयुष मंत्री ने चिकित्सकों को दी बधाई



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने प्रदेश के समस्त चिकित्सकों, आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अपने संदेश में कहा, 'चिकित्सक धरती पर ईश्वर का रूप हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**
**शुद्धि–पत्र सं0–1**

सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति उपरांत निम्नलिखित संशोधन किए जा रहे हैं, **क्रं सं 1, ई–प्रापणनिवि दासंख्या:** DYCE-CON-BR-GKP-08-2026, Closing dated 24/07/2026, **कार्य का नाम:** महत्वपूर्ण पुल संख्या 04 (20x61.0 मीटर OWG) का परिवहन, संयोजन एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-17182/R श्रृंखला के अनुसार, बरहलगंज–दोहरीघाट स्टेशनों के बीच; तथा OWG (बैलेस्टेड) पुल संख्या 72 (1x30.5 मीटर), पुल संख्या 95 (1x30.5 मीटर) OWG (बैलेस्टेड), पुल संख्या 75 (1x30.5 मीटर) OWG (बैलेस्टेड) का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-17186 श्रृंखला के अनुसार पुल संख्या 106 (5x24.4 मीटर) हेतु समय (कॉम्पोजिट) गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, RDSO ड्राइंग संख्या RDSO/B-11751/R3 श्रृंखला के अनुसार, तथा पुल संख्या 82 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 88 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 105 (1x18.3 मीटर) के लिए RDSO ड्राइंग संख्या RDSO/B-11753/R3 श्रृंखला के अनुसार, लखनऊ मंडल की सहजनवा–दोहरीघाट नई लाइन परियोजना के अंतर्गत; पुल संख्या 43 (1x24.4 मीटर) हेतु समय गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-11751/R3 श्रृंखला के अनुसारर तथा पुल संख्या 50A (1x30.5 मीटर) OWG का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-17161 श्रृंखला के अनुसार, मेहदावल–पसई स्टेशन के बीच, खलीलाबाद–बहराइच नई लाइन परियोजना के अंतर्गत; तथा पुल संख्या 404 (2x45.7 मीटर) हेतु ओपन वेड गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, ड्राइंग संख्या RDSO/B-17181 श्रृंखला के अनुसार, एवं पुल संख्या 406 (3x30.5 मीटर) हेतु ड्राइंग संख्या RDSO/B-17186 श्रृंखला के अनुसार, बुढ़वल–बिंदौरा स्टेशन के बीच, बुढ़वल–बाराबंकी खंड में तृतीय लाइन कार्य के संबंध में; तथा उपर्युक्त पुलों के OWG एवं कॉम्पोजिट गर्डर के लिए पाथवे, निरीक्षण सीढ़ी (इंस्पेक्सन लैडर), ट्रॉली रिफ्यूज का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना एवं लॉन्चिंग, RDSO ड्राइंग संख्या CBS–0045 एवं CBS–0046 तथा स्वीकृत ड्राइंग के अनुसार, साथ ही उत्तर पूर्व रेलवे के ROBs तथा अन्य किसी भी पुलों के शेष/अपूर्ण इस्पात कार्यों का निष्पादन।, **पात्रता एवं अनुपालन संबंधी जोड़ी जाने वाली/संशोधित की जाने वाली शर्तें। तकनीकी अनुपालन:** "रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2022/CE-III/Bridge Policy (E-3406846), दिनांक 29.12.2025 के प्रावधानों के अनुसार, अभियंता द्वारा कार्य पूर्ण होने का प्रमाण–पत्र जारी किए जाने की तिथि से 48 (अड़तालीस) माह की अनुरक्षण अवधि प्रभावी रहेगी।", **क्रं सं 2, पात्रता एवं अनुपालन संबंधी जोड़ी जाने वाली/संशोधित की जाने वाली शर्तें। तकनीकी अनुपालन:** "रेलवे बोर्ड के संख्या 2020/17/CE-III/BR/Girder Inspection (E-3322338), दिनांक 13.02.2026 के अनुसार, फैब्रिकेटेड गर्डर के सभी स्पैनों के घटकों की ट्रायल असेम्बली आरडीएसओ/एफआईयू (RDSO/FIU) द्वारा कराया जाना अनिवार्य होगा।"

उप मुख्य इन्जी०/निर्माण/पुल
गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू–213

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## खबरदार! हाईटेक अस्पताल बनने तक चिकित्सा व्यवस्था में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए



● डीएम ने एसएसपीजी हॉस्पिटल का निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय राजकीय चिकित्सालय परिसर में 315.48 करोड़ की लागत से बन रहे 500 बेडेड मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हाईटेक अस्पताल के कार्यों का गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंडलीय महिला चिकित्सालय परिसर के एमएच विंग सभागार में तमाम अधिकारियों और नोएडा के प्रबंध निदेशक एवं अन्य प्रतिनिधियो के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। बताया गया कि निर्माण कार्य के दौरान एसएसपीजी के मरीजों को बिना किसी परेशानी के मंडलीय महिला चिकित्सालय परिसर में बने नवनिर्मित एमएच विंग में शिफ्ट किया जाएगा। बताया जा रहा है कि एक माह के अंदर अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा के समुचित व्यवस्था आदि सुनिश्चित किए जाने के लिए उपकरण लगाए जाएंगे। वार्डों में सभी बेड पर सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन आपूर्ति व्यवस्था के साथ ही टॉयलेट शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था कराए जाने के लिए भी कार्यवाही संस्था को निर्देशित किया गया। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने हेतु समुचित पावर के जनरेटर की भी व्यवस्था होगा। कार्यदाई संस्था को एमएच विंग में मरीजो के शिफ्टिंग से पूर्ण होने वाले सभी कार्यों को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर एक माह के अंदर पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## महानगर उद्योग व्यापार समिति का सदस्यता अभियान तेज



● रविवार, 19 जुलाई को होगा चुनाव, सर्वसम्मति पर जोर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महानगर उद्योग व्यापार समिति रजि. वाराणसी की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार, 2 जुलाई को विनायका बिल्डिंग, मलदहिया स्थित मुख्य संरक्षक आर. चौधरी के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक आर.चौधरी ने की। सदस्यता अभियान युद्धस्तर पर बैठक में मुख्य संरक्षक आर. चौधरी ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके जनाधार और सक्रिय सदस्यता में है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं व्यापार मंडलों को निर्देश दिए कि महानगर के प्रत्येक बाजार और व्यापारिक क्षेत्र में सदस्यता अभियान युद्धस्तर पर चलाया जाए। सभी सदस्यता प्रपत्र शनिवार, 4 जुलाई 2026 तक जमा करना अनिवार्य है। चुनाव पारदर्शी और लोकतांत्रिक हों, संगठन के चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ संपन्न कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी पदाधिकारी संविधान और तय समय-सारिणी का पालन करें। चुनाव अधिकारी घनश्याम जायसवाल ने सभी संबद्ध व्यापार मंडलों से सदस्यता प्रपत्र शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा, ताकि चुनाव प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। वहीं, चुनाव अधिकारी यू. आर. सिंह ने बताया कि महानगर उद्योग व्यापार समिति का चुनाव रविवार,19 जुलाई 2026 19 को होगा। कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि संगठन की एकता और परंपरा को बनाए रखने के लिए मनोनयन प्रक्रिया में सर्वसम्मति का प्रयास किया जाएगा।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ


प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## बेरोजगारों के लिए लगा नौकरियों का मेला



● दस कंपनियां करेंगी भागीदारी, कल सेवा योजन कार्यालय में जमा कर सकते हैं बायोडाटा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की तरफ से कार्यालय परिसर, चौकाघाट में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में एन.एस.एस. सिक्युरिटी सर्विसेस द्वारा टाटा एयर पोर्ट/रांची एयरपोर्ट/गया एयरपोर्ट के सिक्युरिटी गार्ड/ड्राइवर की भर्ती की जाएगी। इस कंपनी में वही अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं, जिनकी शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो, वेतन रु0 19000--25000 तक पर चयन किया जाएगा। टाटा stribe में front office, हाउस कीपिन्ग, रेस्टोरेंट मैनेजर, किचन स्टाफ के पद पर चयन करेगी, जिनकी उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होगी उनका चयन वेतन रु015000 से 20000 तक पर होगी। ट्राई फोर्स कंपनी में हेल्पर/राज मिस्त्री/बढ़ई मिस्त्री पद हेतु चयन करेगी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल हो, को 14000 से 20000 तक पर होगी। आर.एस.जी.कंपनी द्वारा सर्वे excutive/ सुपरवाईजर/ एच.आर.manazer/ कंप्युटर ऑपरेटर पद के लिए जिन अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट/स्नातक/परास्नातक तथा उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होगी, उनको वेतन रु0 14000 से 24000 के बीच होगी। इस रोजगार मेला में लगभग 10 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। मेला में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों से कहा है कि 04 जुलाई दिन-शनिवार को प्रातः 11.30 बजे अपना biodata लेकर कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं

## दक्षिण कोरिया की कंपनी के प्रबंध निदेशक ने किया बरेका का दौरा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में 02 जुलाई गुरुवार को रिपब्लिक ऑफ कोरिया की प्रतिष्ठित कंपनी मेसर्स ए.आर.ए. ब्रिज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शियुंग पार्क ने मेसर्स राइट्स लिमिटेड के अधिकारियों के साथ स्टैंडर्ड गेज लोकोमोटिव निर्माण क्षमता के आकलन हेतु बरेका का दौरा किया। उनके साथ मेसर्स जे.सी.एल. इन्फ्रा इंडिया के प्रबंध निदेशक विश्व वासु गुप्ता भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन एवं विपणन) राम जन्म चौबे ने किया। इस अवसर पर राइट्स के महाप्रबंधक संजय कुमार एवं सहायक प्रबंधक रोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## भदोही समाचार

### डीएम-सीएमओ के साक्षात्कार के बाद सीएचसी-पीएचसी पर मिलेगी अधीक्षक की जिम्मेदारी

**ज्ञानपुर।** जिले में अब सीएचसी व पीएचसी के अधीक्षकों की तैनाती साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी। साक्षात्कार के आधार पर ही उन्हें सीएचसी या पीएचसी भेजा जाएगा। छह महीने के मूल्यांकन के बाद अगर वे अधीक्षक की जिम्मेदारी अच्छे से नहीं संभाल पाते हैं तो दोबारा साक्षात्कार कराया जाएगा। जिसमें असफल होने पर उन्हें हटाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाएगी। साक्षात्कार जिलाधिकारी की मौजूदगी में होगी। इस पैनल में सीएमओ भी होंगे। जिले में छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भानीपुर, गोपीगंज, औराई, डीघ, भदोही, सुरियावां है। इसके अलावा 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) है। यहां रोजाना 1600 से 1800 की ओपीडी होती है। मरीजों की जांच पड़ताल करके दवा दी जाती है। इन केंद्रों पर तमाम तरह की सुविधाओं व संसाधनों का विस्तार हुआ है, लेकिन कई सीएचसी पर अधीक्षक कुंडली मार कर बैं हैं। वर्तमान में डीघ, सुरियावां, गोपीगंज, भानीपुर के अधीक्षक तीन साल से अधिक समय से केंद्र पर तैनात है। इसकी जिनके कार्य प्रणाली को लेकर समय-समय पर सवाल उ’ते रहते हैं। गोपीगंज व डीघ सीएचसी अधीक्षक चार साल से तैनात हैं। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने अधीक्षक नियुक्ति में पारदर्शिता लाने के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया। जिसके लिए बकायदा पैनल गठित करने का आदेश दिया गया। पैनल का मुखिया जिलाधिकारी खुद होंगे। अधीक्षक की नियुक्ति पारदर्शी हो सके। इसके लिए डीएम व सीएमओ पैनल में शामिल होंगे।

## गोरखपुर समाचार

### फंदे से लटका युवक की लाश मिला

**गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के जंगल महादेवा गांव में देर रात एक निर्माणाधीन मकान में 24 साल के युवक का शव फंदे से लटका मिला। शव घर से करीब 200 मीटर दूर मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव निवासी कुश चौधरी के रूप में हुई। कुश के पिता गौरीशंकर चौधरी की मौत हो चुकी है। वह दो भाइयों में छोटा था और अविवाहित था। परिजनों के अनुसार कुश सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। उसका बड़ा भाई दीनानाथ चौधरी ब्रह्मपुर ब्लॉक में सफाई कर्मचारी है। गुरुवार देर रात करीब 11 बजे ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक निर्माणाधीन मकान में युवक का शव चौखट से फंदे के सहारे लटका देखा।

## जौनपुर समाचार

### बिजली गिरने से एक की मौत, दो झुलसे



**चंदवक।** थाना क्षेत्र के बड़खडा (मढ़ी) गांव एवं लोकापट्टी गांव में बुधवार की शाम को अलग-अलग जगह बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गए।

मढ़ी गांव निवासी घायल पन्नालाल यादव (50) धान की रोपाई के लिए खेत तैयार कर रहे थे। शाम लगभग 5 बजे के आसपास गांव के ही पवन यादव उर्फ इंदल (22) उनसे मिलने पहुंचे। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बीरीबारी स्थित सीएचसी पर ले गए। वहां चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। पन्नालाल की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पवन के चचेरे भाई ने बताया कि इलाज की आस में पवन को जिला अस्पताल लेकर भागे वहां भी चिकित्सक ने पवन को मृत घोषित कर दिया। तीन संतानों में बड़े भाई मोहन एवं करन के बाद पवन सबसे छोटे थे। 12 की पढ़ाई पूरी करने के बाद पवन ट्रैक्टर चलाकर परिवार के साथ किसानी का काम करते थे।

पवन के पिता वाराणसी में आटा चक्की चलाते हैं। सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पवन यादव मृत अवस्था में लाया गया था। पन्नालाल यादव गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मऊ समाचार

### गोठा कृषि मंडी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मऊ।** जिले की कृषि उत्पादन मंडी गोठा बाजार का जिलाधिकारी ने गुरुवार शाम 4 बजकर 52 मिनट पर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में प्रकाश, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंडी परिसर में टूटी बाउंड्री, शौचालयों, व्यापारी कक्षों, किसान विश्राम कक्षों, छायादार चबूतरों और पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया और अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में अतिक्रमण की स्थिति पर अधिकारियों से पूछताछ की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंडी परिसर को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए ताकि किसानों और व्यापारियों के आवागमन में कोई बाधा न आए।

## गाजीपुर समाचार

### सरकारी कर्मी बताकर जानकारी मांगने वालों से रहें सतर्क, पहले देखें पहचान पत्र : डीएम

**गाजीपुर।** सरकारी अधिकारी या कर्मचारी बनकर लोगों से जानकारी और दस्तावेज लेने वाले फर्जी लोगों से सतर्क रहने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपदवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी कर्मचारी मानने से पहले उसका विभागीय पहचान पत्र (आई कार्ड) अवश्य देखें। बिना वैध परिचय पत्र के किसी को भी व्यक्तिगत जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध न करायें। उन्होंने कहा कि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) सहित सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पास विभाग द्वारा जारी वैध पहचान पत्र होना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति बिना पहचान पत्र के स्वयं को सरकारी अधिकारी या कर्मचारी बताकर जानकारी मांगता है या किसी प्रकार का प्रलोभन देता है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसील प्रशासन, पुलिस या जिला प्रशासन को दें। डीएम ने कहा कि यह सावधानी लोगों को संभावित धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की, ताकि जनपद में पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय प्रशासनिक व्यवस्था बनी रहे।

### फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में फंदे से लटका मिला कर्मचारी का शव

**बहरियाबाद (गाजीपुर)।** क्षेत्र के रायपुर बाजार स्थित फातिमपुर निवासी जयप्रकाश यादव के मकान में संचालित एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में बृहस्पतिवार को एक कर्मचारी इंद्रजीत यादव का शव पंखे से लटका मिला।

## बलिया समाचार

### पत्नी से बात के बाद फंदे पर झूला युवक, मौत

**फेफना।** थाना क्षेत्र के खोड़ीपाकड़ गांव में बुधवार की रात रवि कुमार (30) ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य जुटाए। शहर के चित्तू पांडेय चौराहा निवासी रवि कुमार खोड़ीपाकड़ में सड़क के दक्षिण तरफ मकान बनाकर तीन भाइयों के साथ रहते थे। मोबाइल कंपनी में टेक्नीशियन थे। तीन साल की एक लड़की व डेढ़ वर्ष का बेटा है। परिजनों ने बताया कि 20 दिन पहले पत्नी अंजू से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इससे नाराज होकर वह दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई। बृहस्पतिवार की रात में ड्यूटी से रवि लौटा। सोने से पहले उसने पत्नी से बात की। परिजनों ने बताया कि जब सब लोग सो रहे थे तो रवि ने कमरे में फंदा लगा लिया।

## मीरजापुर समाचार

### मीडिया सेंटर का मा0 विधायक नगर व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने किया उद्घाटन




**मीरजापुर।** मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी के द्वारा आज जिला सूचना कार्यालय के सभागार में बनाए गए "मीडिया सेंटर" का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंग. वार के निर्देश के अनुपालन में जिला सूचना अधिकारी द्वारा सूचना कार्यालय के सभागार में बनाए गए हाइटेक मीडिया सेंटर का उद्देश्य पत्रकार बंधुओ को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मा0 विधायक रत्नाकर मिश्र ने उद्घाटन के पश्चात पत्रकार बंधुओ से वार्ता के दौरान निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में पत्रकारो का योगदान सराहना व महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बनाए गए हाइटेक मीडिया सेंटर में पत्रकार बंधुओ को एक ही स्थान पर कार्य करने के लिए आवश्यक संशाधन/सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे समाचार संकलन, लेखन और प्रसारण का कार्य अधिक सुगम व प्रभावी हो सकेगा जिससे पत्रकारिता की गुणवत्ता में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया चाहे व प्रिन्ट मीडिया अथवा इलेक्ट्रानिक मीडिया वह हमेशा लोकतंत्र का सशक्त स्तम्भ रहा हैं, वह सर्व समाज तथा शासन प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है। उन्होंने बल देते हुए कहा कि यह मीडिया सेंटर पत्रकारो के समाचार लेखन, बैठने तथा देष विदेश व स्थानीय समाचारो को सुनने तथा जन हित से जुड़ी विभिन्न सूचनाओ के प्रभावी सम्प्रेषण के लिए बेहतर एवं सुव्यवस्थित सुविधाए उपलब्ध कराएगा।

## चंदौली समाचार

### साड़ी के फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव

**ताराजीवनपुर।** अलीनगर थाना क्षेत्र के कैली गांव में बुधवार को देर शाम कमरे में पंखे के सहारे साड़ी के फंदे पर किशोरी का शव लटका मिला। घटना की जानकारी पाकर पुलिस पहुंची और खिड़की तोड़कर शव को बाहर निकाला। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कैली गांव निवासी राम सुधार राम की साधना (15) शाम को घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस खिड़की तोड़कर कमरे में पहुंची तो किशोरी का शव फंदे से लटका मिला। इससे परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रयागराज समाचार

### मोबाइल देखने से मना करने पर नाबालिग छात्रा ने फंदे से लटक कर दी जान



**करछना (प्रयागराज)।** करछना थाना क्षेत्र के बघेड़ा गांव में कक्षा 11 में पढ़ने वाली छात्रा ने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मोबाइल देखने को लेकर बहनों से विवाद होने के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव निवासी श्याम बाबू निषाद की पुत्री चांदनी (15) कक्षा 11 की छात्रा थी। बृहस्पतिवार सुबह मोबाइल देखने को लेकर उसकी बहनों से कहासुनी हो गई। विवाद के बाद वह नाराज होकर कमरे में चली गई। काफी देर तक बाहर नहीं निकली। परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटकी मिली। यह देखकर मां ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलने पर भुंडा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि घटना के समय मृतका के पिता और भाई निजी कंपनी में काम के सिलसिले में बाहर थे।

घर में मां और उसकी बहनें ही मौजूद थीं। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## सुल्तानपुर समाचार

### विवाहिता की मौत, किया हंगामा

**गोसाईगंज।** क्षेत्र के मलवा गांव में बृहस्पतिवार सुबह विवाहिता माला वर्मा (35) का शव घर में बल्ली पर कपड़े के फंदे से लटका मिला। घटनास्थल पहुंचे मायके वालों ने जमकर हंगामा कर ससुरालीजन पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने किसी तरह से उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया। मृतका के पिता ने ससुरालीजन के खिलाफ थाने में तहरीर भी दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है। दोस्तपुर के सहिनवा निवासी राम सुंदर वर्मा के मुताबिक उनकी पुत्री माला का विवाह 12 वर्ष पहले मलवा निवासी अनुराग वर्मा से हुआ था। उनके मुताबिक बृहस्पतिवार भोर 5:14 बजे उन्हें फोन से पता चला कि उनकी पुत्री माला का शव घर में ही फंदे से लटका मिला है। वह मलवा गांव पहुंचे तो देखा कि पुत्री का शव फंदे से लटका था, उसका पैर जमीन पर था।

## सोनभद्र समाचार

### कम बारिश का असरः तीन माह में रिहंद बांध का जलस्तर 12.7 फीट घटा, बिजली उत्पादन की बढ़ी चिंता



**सोनभद्र।** जिले के कैचमेंट क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं होने से रिहंद बांध का जलस्तर तीन महीनों में 12.7 फीट घट गया है। इस वर्ष जुलाई में बांध का जलस्तर 842.8 फीट है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 846 फीट था। पिछले दो साल में जून के अंत तक कैचमेंट क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से जलाशय का जलस्तर बढ़ा था, लेकिन इस साल जून में अपेक्षित बारिश नहीं होने से स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। यदि आने वाले दिनों में सामान्य से कम बारिश हुई तो इसका असर तापीय विद्युत परियोजनाओं के उत्पादन पर पड़ सकता है।

भीषण गर्मी में बिजली की रिकॉर्ड मांग के कारण ऊर्जांचल की तापीय परियोजनाओं पर उत्पादन का स्तर बरकरार रखने का भारी दबाव रहा। प्रदेश में मई महीने में पहली बार बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार कर गई थी। मांग को पूरा करने के लिए रिहंद जलाशय से लगातार पानी छोड़ा गया, जिससे जलस्तर में गिरावट आती रही। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में रिहंद का जलस्तर 855.4 फीट था। मई की शुरुआत में 852.5 फीट, जून की शुरुआत में 848.1 फीट और जुलाई के आरंभ में 842.8 फीट रह गया। यानी पिछले तीन महीनों में जलस्तर में 12.7 फीट की गिरावट दर्ज की गई। रिहंद बांध के अधिशासी अभियंता इं. शशिकांत राय ने बताया कि पिछले दो वर्षों में जून महीने में कैचमेंट क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से रिहंद जलाशय का जलस्तर सामान्य स्थिति में पहुंच गया था। इस वर्ष जून में अपेक्षित वर्षा नहीं होने के कारण जलस्तर तेजी से घटा है। हालांकि बीती रात कैचमेंट क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से जलस्तर में लगभग तीन इंच की वृद्धि दर्ज की गई है।

## आजमगढ़ समाचार

### फंदे से लटकती मिली दो व्यक्तियों की लाश, वजह तलाशने में जुटी पुलिस



**आजमगढ़।** दीदारगंज थाना क्षेत्र के खेतापट्टी और पल्थी गांव में बीती रात और बृहस्पतिवार दोपहर दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, आवश्यक जांच-पड़ताल की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, खेतापट्टी गांव निवासी गरुण राजभर (35) बुधवार रात खाना खाने के बाद रोज की तरह घर से कुछ दूरी पर स्थित मंड़ई में सोने गए थे। देर रात उन्होंने मंड़ई की बल्ली में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। गरुण अपने पीछे पत्नी आशा, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। घटना के बाद पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी घटना मगहां (पल्थी) गांव की है, जहां हरिश्चंद्र (55) ने बृहस्पतिवार को करीब साढ़े 12 बजे फंदा लगाकर जान दे दी। वह पेशे से लोहा वेल्डिंग का काम करते थे। परिवार में उनकी पत्नी जायत्री, दो बेटे और एक बेटी हैं। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का कहना है कि उन्हें इस तरह के कदम की कोई आशंका नहीं थी।

## देवरिया समाचार

### देवरिया में दो पक्षों में विवाद, चाकू मारकर युवक का कत्ल, बचाव में आए एक शख्स पर भी हमला



**देसही (देवरिया)।** यूपी के देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव में शुक्रवार की सुबह दो पक्षों के बीच हुए विवाद में राजू शर्मा (28) की चाकू मार कर हत्या कर दी गई।

बचाव में आए युवक को भी चाकू लगा। वह गंभीर रूप से जख्मी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सहित कई लोगों को हिरासत में ले लिया। गांव में पुलिस तैनात है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के नौतन हथियागढ़ चौराहा पर बृहस्पतिवार की देर शाम को हरेराम शर्मा और प्रदीप सिंह साथ ही बैठे थे। किसी बात को लेकर आपस में बात बिगड़ गई। इसके बाद दोनों में हाथापाई हो गई। इस बात की जानकारी होते ही दोनों तरफ से लोग जुट गए।

स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। देर रात को घर आने के बाद भी दोनों पक्षों में गाली-गलौज हुई। शुक्रवार की सुबह प्रदीप सिंह का भतीजा अनुज स्कूली बस लेकर बच्चों को लेने निकला। अनुज बस चालक है। इसी बीच दूसरे पक्ष से किसी ने बस रोक ली। इसके बाद दोनों तरफ से विवाद बढ़ गया। जमकर मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच अनुज ने राजू शर्मा पर चाकू से वार कर दिया। गर्दन पर चाकू लगने से राजू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बचाव में आए सुधीर शर्मा को भी चाकू लगा। वह भी गंभीर रूप से घायल है। उधर, अनुज और उसका परिवार घर पर ही मौजूद रहे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे परिवार को हिरासत में ले लिया। वारदात के बाद दोनों पक्षों में तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात है। एसओ अश्वनी प्रधान ने बताया कि दो पक्षों के बीच हुए विवाद में राजू शर्मा की चाकू मार कर हत्या कर दी गई है। आरोपी सहित कई लोग हिरासत में हैं। हालात नियंत्रण में है। पुलिस तैनात है।

## लाइफ मंत्र

### गणेश जी दूर करते हैं शनि सहित सारे ग्रहदोष, भगवान शिव ने भी किया था ये उपाय

शास्त्रों में भगवान गणेश जी को विघ्नहर्ता अर्थात सभी तरह की परेशानियों को खत्म करने वाला बताया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जानी अनिवार्य बताई गई है।

पुराणों में गणेश जी की भक्ति शनि सहित सारे ग्रह दोष दूर करने वाली भी बताई गई है। हर बुधवार के शुभ दिन गणेश जी की उपासना से व्यक्ति का सुख-सौभाग्य बढ़ता है और सभी तरह की रुकावटें दूर होती है।:



हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान गणेश को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। कहते हैं कि देवता भी अपने कार्यों के बिना किसी विघ्न से पूरा होने के लिए गणेश जी की पूजा सबसे पहले करते हैं। शास्त्रों में जिक्र आता है कि भगवान शंकर त्रिपुरासुर का वध करने में जब असफल हुए, तब उन्होंने गंभीरतापूर्वक विचार किया कि आखिर उनके कार्य में विघ्न क्यों पड़ा? तब महादेव को ज्ञात हुआ कि वह गणेश जी की अर्चना किए बगैर त्रिपुरासुर से युद्ध करने चले गए थे। इसके बाद शिव जी ने गणेश जी का पूजन करके उन्हें लड्डुओं का भोग लगाया और दोबारा त्रिपुरासुर पर प्रहार किया, तब उनका मनोरथ पूर्ण हुआ। प्रातःकाल स्नान-ध्यान आदि से शुद्ध होकर सर्वप्रथम ताम्र पत्र के श्री गणेश यन्त्र को साफ मिट्टी, नमक, निम्बू से अच्छे से साफ करें। पूजा स्थल पर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर के आसान पर विराजमान हो कर सामने श्री गणेश यन्त्र की स्थापना करें। शुद्ध आसन पर बैठकर सभी पूजन सामग्री को एकत्रित कर पुष्प, धूप, दीप, कपूर, रोली, मौली लाल, चंदन, मोदक आदि गणेश भगवान को समर्पित कर, इनकी आरती करें। अंत में भगवान गणेश जी का स्मरण कर ओम् गं गणपतये नमः मंत्र का 108 बार जाप करना चाहिए।

## Travel Tips: Pune का 'Iron Fort' लोहगढ़: Monsoon में घूमने की Best जगह, जानें इतिहास और Trekking का पूरा Plan



अगर आप भी इतिहास में दिलचस्पी रखते हैं या फिर आप भी एडवेंचर लवर हैं, तो आज हम आपको महाराष्ट्र की शान लोहागढ़ किले से जुड़ी कुछ हैरान कर देने वाली बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। आजकल हर ओर लोहगढ़ किले का जिक्र सुनने को मिल रहा है। लोहगढ़ किले से केतन अग्रवाल हुई मौत के बाद से यह किला चर्चा का केंद्र बन गया। इस घटना के बाद से ही हर कोई लोहगढ़ किले के बारे में जानना चाहता है। वहीं अगर आप भी इतिहास में दिलचस्पी रखते हैं या फिर आप भी एडवेंचर लवर हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हाराष्ट्र की शान लोहागढ़ किले से जुड़ी कुछ हैरान कर देने वाली बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आयरन फोर्ट**

महाराष्ट्र की खूबसूरत सह्याद्री पर्वतमाला के बीच लोहगढ़ किला है। यह भारत के ऐतिहासिक गौरव का एक जीता-जागता सबूत है। समुद्र तल से करीब 3,389 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस किले को 'आयरन फोर्ट' भी कहा जाता है। इस किले का इतिहास और वास्तुकला सदियों पुराना है। लेकिन आज भी यह ट्रैकर्स और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**कई साम्राज्यों का गवाह है ये किला**

लोहगढ़ किले का इतिहास काफी प्राचीन और कई राजवंशों से जुड़ा है। सबसे पहले इसको 'लोहतमिया राजवंश' द्वारा 10वीं शताब्दी में बनवाया गया था। फिर समय-समय पर इस किले पर राष्ट्रकूट, चालुक्य, बहमनी, यादव, निजाम, मुगल और मराठा शासकों ने राज किया। महान छत्रपति शिवाजी महाराज ने इस किले की रणनीतिक अहमियत को समझते हुए 1648 में इस पर कब्जा कर लिया। लेकिन साल 1665 में पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति महाराज को यह किला मुगलों को सौंपना पड़ा। फिर साल 1670 में शिवाजी ने इसको दोबारा जीत लिया और खजाने को सुरक्षित रखने के लिए इस किले का इस्तेमाल किया था। फिर पेशवा काल के दौरान मशहूर राजनेता नाना फडणवीस ने इसी किले में शरण ली थी। बाद में उन्होंने इस किले में पानी का बड़ा टैंक और एक बावड़ी भी बनवाई थी। जो आज भी यहां पर मौजूद है।

**जैन धर्म से कनेक्शन**

पुणे के ट्रैकर्स के एक समूह ने सितंबर 2019 में किले के दक्षिणी हिस्से की एक गुफा में जैन ब्राह्मी लिपि में लिखा एक शिलालेख खोजा था। यह शिलालेख पहली या दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व का है। जिससे यह पता चलता है कि किसी समय पर यह किला जैन धर्म का एक पवित्र स्थान हुआ करता था।

**किले की वास्तुकला**

लोहगढ़ किले की बनावट और सैन्य डिजाइन बेजोड़ है। बता दें कि किले में प्रवेश के चार भव्य प्रवेश द्वार हैं। गणेश दरवाजा, नारायण दरवाजा, हनुमान दरवाजा और महा दरवाजा। आज भी यह सभी काफी हद तक सुरक्षित हैं। वहीं इस पर की गई बेहतरीन नक्काशी पुराने समय के बेहतरीन इंजीनियरिंग कौशल को दिखाती हैं। इस किले का सबसे रोमांचित हिस्सा 'Vinchu Kada' है। जिसको अर्थ है 'बिच्छू की पूंछ।' यहां पर एक प्राकृतिक रूप से बनी लंबी और संकरी चट्टान है। जो किले के मुख्य हिस्से से बाहर की तरफ निकली है। यह एकदम बिच्छू के डंक जैसी दिखती है। यहां से सह्माद्री की पहाड़ियों का नजारा मनमोहक लगता है।

**ट्रैकिंग**

बता दें कि लोहागढ़ की चढ़ाई रोमांचक होने के अलावा आसान भी है। इसका सबसे आसान रास्ता मलावली रेलवे स्टेशन से शुरू होता है। जोकि करीब 10 किमी दूर है। वहीं 2 से 3 घंटे की इस ट्रैकिंग के दौरान रास्ते में प्राचीन 'भाजा गुफाएं' भी पड़ती हैं।



## Monsoon Adventure: ये हैं भारत के 5 सबसे खूबसूरत ट्रेक, जहां मिलता है Thrill और सुकून का डबल डोज

**मॉनसून दस्तक दे चुका है और अगर आप इस मॉनसून में ट्रिप प्लान करने के बारे में सोच रहे हैं, तो हम आपको कुछ सबसे बेहतरीन और खूबसूरत ट्रेक के बारे में बताने जा रहे हैं। मॉनसून में प्रकृति अलग ही निखरकर आती है।**

रोजाना की भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकून कहीं खो जाता है। फिर इस सुकून को ढूंढने के लिए अक्सर लोग घूमने के लिए निकल पड़ते हैं। ऐसे लोगों की संख्या ज्यादा होने लगी है, जो सबसे पहले पहाड़ों का रुख करते हैं और एडवेंचर करने के लिए ट्रेकिंग को चुनते हैं। मॉनसून दस्तक दे चुका है और अगर आप इस मॉनसून में ट्रिप प्लान करने के बारे में सोच रहे हैं, तो हम आपको कुछ सबसे बेहतरीन और खूबसूरत ट्रेक के बारे में बताने जा रहे हैं। मॉनसून में प्रकृति अलग ही निखरकर आती है। तो भला आप ये खूबसूरत नजारे क्यों छोड़ें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मौसम में घूमने के लिए 5 सबसे बेहतरीन ट्रेक के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जानें मॉनसून सीजन में घूमने के लिए बेस्ट ट्रेक**

**फ्लावर वैली ट्रेक**

उत्तराखंड के चमोली में स्थित फ्लावर वैली ट्रेक देश के सबसे फेमस ट्रेक में से एक है। फ्लावर वैली में फूलों की खूबसूरती देखने लायक होती है। यहां पर करीब 500 फूलों की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। इनमें से कुछ फूल ऐसे भी हैं, जिनके बारे में आपके कभी सुना भी नहीं होगा। फूलों की सुंदर घाटी UNESCO की विश्व धरोहर लिस्ट में शामिल है। यह ट्रेक 19 किमी लंबा है।

**हंपता पास**

यह हिमाचल का सबसे फेमस ट्रेक है। यह हिमाचल के पीर पंजाल रेंज का हिस्सा है। हंपता पास समुद्र तल से करीब 14,000 फुट की ऊंचाई पर है। इस ट्रेक की शुरुआत कुल्लू से होती है। इस रास्ते में चंद्रताल लेक, ऊंचे पहाड़ और बहते झरने मन मोह लेते हैं। हंपता पास ट्रेक करीब 25 किमी लंबा है।

कश्मीर ग्रेट लेक ट्रेक

कश्मीर को ऐसे ही जन्नत नहीं कहा जाता है, कभी यहां कश्मीर ग्रेट लेक ट्रेक को देखें। कुदरत के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाना हो, तो कश्मीर की वादियों में स्थित इस ट्रेक पर जरूर जाएं। वहीं यहां की खासियत यह है कि यहां पर आपको 5 झीलें देखने को मिलेंगी। यह ट्रेक 75 किमी लंबा है।

**भृगु लेक ट्रेक**

इसका संबंध पौराणिक कथाओं से है। मान्यता है कि भृगु लेक ट्रेक इस स्थान पर महर्षि भृगु ने बैठकर डीप मेडिटेशन किया था। यह जगह हिमाचल के मनाली के पास है। भृगु लेक की ऊँचाई समुद्र तल से 14,000 फीट की है। यहां घास के मैदान, खुद भृगु झील और खूबसूरत फूलों की प्रजाति आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र है। यह ट्रेक 26 किमी लंबा है।

**कनामो पीक**

हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी में कनामो पीक स्थित है। यहां बारिश के मौसम में एडवेंचर करने लायक ट्रेड है। यह पीक समुद्र तल से करीब 19,553 फीट ऊंची है। इस ट्रेक की खासियत यह है कि कनामो पीक भले ही इतनी ऊंचाई पर है। लेकिन यह दुनिया की सबसे ऊंची और आसान ट्रेक में शामिल है। कनामो पीक ट्रेक 30 किमी लंबा है।

## Amarnath Yatra 2026 पर जाने से पहले न करें ये गलती, Health Certificate समेत इन नियमों का रखें खास ध्यान

अमरनाथ यात्रा 2026, 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी, यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं को ऑनलाइन पंजीकरण, अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, और सही मार्ग की जानकारी लेना आवश्यक है। क्या आप भी इस बार अमरनाथ यात्रा 2026 पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। हिमालय की बर्फीली चोटियों के बीच स्थित बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। वैसे हर साल यहां पर हजारों श्रद्धालु कठिन पहाड़ी का रास्ता को पार करके बाबा बर्फानी के दर्शन करते हैं। अमरनाथ यात्रा पर जाने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण, अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, यात्रा मार्ग, मौसम, आवश्यक सामान और सुरक्षा नियमों की जानकारी एक बार जरुर जान लें। आपको बता दें कि, यह सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और शारीरिक क्षमता की भी परीक्षा है। दरअसल, आप पहली बार अमरनाथ यात्रा करने जा रहे हैं, तो केवल पैग करके निकल जाना जरुरी नहीं है। यहां की ऊंचाई, बदलता मौसम, सीमित सुविधाएं और लंबी पैदल की चढ़ाई जैसी चुनौतियों को देखते हुए पहले से पूरी तैयारी करना काफी जरुरी है। सही डॉक्यूमेंट, हेल्थ चेकअप, उपयुक्त कपड़े, दवाइयां और यात्रा के नियमों की जानकारी कई समस्याओं से आपको बचा सकती है। आइए आपको बताते हैं अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए क्या करें।

**अमरनाथ यात्रा 2026 कब शुरू होगी?**

अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (SASB) के अनुसार, अमरनाथ यात्रा 2026 का शुभारंभ 3 जुलाई 2026 से होगा। यह पवित्र यात्रा 28 अगस्त 2026 को समाप्त होगी। इस साल यात्रा 57 दिनों तक चलेगी। अब तक 3.75 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

**यात्रा से पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य**



- आधिकारिक प्रक्रिया के जरिए माध्यय से पंजीकरण करें।
- बताए गए सभी दस्तावेज तैयार करें।
- यात्रा परमिट सुरक्षित रखें।
- यात्रा की तारीख के अनुसार योजना बनाएं।
- अंतिम समय का इंतजार न करें।

**हेल्थ चेकअप क्यों जरुरी है?**

- अधिक ऊंचाई पर ऑक्सीजन का लेवल कम हो जाता है।
- हृदय, फेफड़े या गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को डॉक्टर से सलाह जरुर लेनी चाहिए।
- वहीं, आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र बनवाएं।
- नियमित दवाइयां अपने पास रखें।
- यात्रा से पहले हल्का व्यायाम या वॉक शुरु कर दें।

**अमरनाथ यात्रा के लिए कौन-सा मार्ग चुनें?**

अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए दो प्रमुख मार्ग होते हैं-

- पहलगाम मार्ग
- अपेक्षाकृत लंबा।
- प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर।
- कई पड़ावों में यात्रा पूरी होती है।
- धीरे-धीरे ऊंचाई बढ़ने से कई श्रद्धालु इसे पसंद करते हैं।

**बालटाल मार्ग**

- दूरी कम।
- चढ़ाई अधिक कठिन मानी जाती है।
- कम समय में यात्रा पूरी करने का विकल्प।
- शारीरिक रूप से अधिक तैयार यात्रियों के लिए उपयुक्त माना जाता है।

**मौसम पल-पल बदलता है**

गौरतलब है कि पहाड़ों पर मौसम काफी तेजी बदलता है। इसलिए मौसम के अनुसार ही अपने साथ कपड़े रखें-

- गर्म जैकेट
- रेनकोट या पोंचो।
- ऊनी टोपी।
- दस्ताने।
- अच्छे ट्रैकिंग जूते।
- अतिरिक्त मोजे।

**बैग में क्या-क्या रखें?**

-पहचान पत्र।
-यात्रा दस्तावेज।
-मोबाइल और पावर बैंक।
- टॉर्च।
-पानी की बोतल।
-सूखे मेवे।
-एनर्जी बार।
-प्राथमिक उपचार किट।
-नियमित दवाइयां।
-सनस्क्रीन और सनग्लासेस।

**यात्रा के समय इन बातों का रखें ध्यान**

- प्रशासन के बताए गए निर्देशों का पालन करें।
- निर्धारित मार्ग पर ही चलें।
- अगर आप अकेले यात्रा कर हैं, तो इससे बचें।
- पर्याप्त पानी पीते रहे हैं।
- ऊंचाई के दौरान शरीर प्रतिक्रिया पर ध्यान न दें।
- यदि आपको थकान महसूस होती है, तो आराम करें।

**कौन लोग ज्यादा सावधानी बरतें**

- वरिष्ठ लोग।
-गर्भवती महिलाएं।
- छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाले परिवार।
- जिन लोगों को गंभीर हृदय या फेफड़ो की बीमारी है।
- अस्थमा या उच्च रक्तचाप के मरीज

**यात्रा पर जाने से पहले क्या करें?**

- रोजाना जितना हो सके पैदल चलने की आदत डालें।
- पर्याप्त मात्रा में नींद जरुर लें।
- आप हल्का और संतुलित भोजन करें।
- जरुरी संपर्क नंबर अपने पास रखें।
- जितना हो सके ग्रुप यात्रा करें, क्योंकि यह सुरक्षित हो सकता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ऑंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682